फोटो 20/08/20

भीड़-भाड़ से कैसे बचें, पेंटिंग बनाकर किया जागरूक

आरा। एचडी जैन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसवकों की ओर से महाविद्यालय परिसर में कोरोना सम्बंधित पोस्टर चिपकाया गया।

इसमें स्नातक पार्ट थर्ड के फॉर्म भरने में हो रही विद्यार्थियों के भीड़ को देखते हुए व्यक्तिगत दूरी, हैंड सेनेटाइजर एवं मास्क पहनने के प्रति पोस्टर चिपकाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कोरोना से बचाव एवं अनलॉक वन का पालन करने हेतु एनएसएस स्वयंसेवक अंकुश कुमार गुप्ता के द्वारा बनाई गई पेंटिंग प्राचार्य को सौंपी गई। इस पेंटिंग में बचाव का स्लोगन है।इस पेंटिग में एक और खास बात यह है कि इस पेंटिंग में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो देवी प्रसाद तिवारी एवं जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा का तस्वीर बनाया गया। भारत में सरकार द्वारा लागू अनलॉक वन के दिशा-निर्देश एव कोरोना एक विश्वव्यापी महामारी से बचने के उपाय को चित्र के द्वारा दर्शाया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा इस पेंटिग से प्रभावित होकर अंकुश के इस पुनीत कार्यों की सराहना की। अंकुश ने बताया कि इस पेंटिग में सनोज कुमार का अहम योगदान रहा। पेंटिंग की एनएसएस पूर्व समन्वयक डॉ डीएन चौधरी एवं वर्तमान समन्वयक डॉ राजीव कुमार, एनएसएस पदाधिकारी, डॉ अशोक कुमार, डॉ तबस्सुम बानो, डॉ अहमद मशुद, डॉ ललित सागर, डॉ मिथिलेश कुमार ने सराहना की है। जागरूकता अभियान में पूर्व टीम लीडर जशिम इकबाल, धीरज कुमार, सनोज कुमार, हरीष, निखिल, राजू, रवि, रमेश, कमलेश श्रीवास्तव मौजूद थे।

20 मार्च 2020

कोरोना से बचाव के लिए जैन कॉलेज में पोस्टर जारी करते प्रचार्य व अन्य।